चीन की तरह बढ़ाएं रबर उत्पादन

नई दिल्ली • घरेलू रबर उद्योग ने सरकार को सुझाव दिया है कि नेचुरल रबर का उत्पादन बढ़ाने के लिए चीन का मॉडल अपनाना चाहिए। इसके तहत दूसरे देशों में जमीन लेकर उस पर प्लांटेशन करने की जरूरत है। भारतीय रबर डीलर्स संघ (आईआरडीएफ) के अध्यक्ष जॉर्ज वैली का कहना है कि हमने सरकार से सिफारिश की है कि वह रबर के उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए चीन के प्रयासों का अनुसरण करें। चीन ने हाल ही में दूसरे देशों में जमीन का अधिग्रहण करके रबर के पेड़ लगाने का कार्यक्रम शुरू किया है। इससे वह अपने यहां की बढ़ती मांग को पूरा कर सकेगा। भारत को चीन के रबर उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों पर गौर करना चाहिए। दक्षिण एशिया और अफ्रीका में जमीन का अधिग्रहण करके चीन ने रबर का उत्पादन बढ़ाने का काम शुरू किया। **(एजेंसी)**